कार्यवाही | गांजा, कारतूस और कार जब्त

# महिला तस्कर समेत दो गिरफ्तार

**कोतमा, नवभारत 15 जुलाई।** जिले में नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत कोतमा पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने रात्रिकालीन चेकिंग के दौरान एक लग्जरी कार से 3 किलो से अधिक गांजा, तीन जिंदा कारतूस, भारी मात्रा में नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इस मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई कुल सामग्री की कीमत करीब 14 लाख आंकी गई है।

### पुलिस को देखकर भागने का प्रयास

मिली जानकारी के अनुसार, 13 जुलाई की रात थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नाम्बर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम पथरौड़ी स्थित एंजल किराना स्टोर के सामने संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद रंग की ग्रैंड विटारा कार (क्र. स्क्क्त8श्च5709) पुलिस चेकिंग को देखकर हड़बड़ा गई और पीछे मुड़कर भागने का प्रयास करने लगी। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी की और कार को बीच रास्ते में ही दबोच लिया।



### सतना और शहडोल के रहने वाले हैं आरोपी

पुलिस ने मौके से दो आरोपियों रेखा उर्फ मनीषा गुप्ता (उम्र 35 वर्ष), निवासी- हनुमान नगर, नई बस्ती, थाना कोलगवां, जिला सतना, शिवा विश्वकर्मा (उम्र 30 वर्ष), निवासी- लालपुर, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल को गिरफ्तार किया है।

### तलाशी में मिला गांजा, कारतूस और नकदी

कार की तलाशी लेने पर पुलिस के होश उड़ गए। वाहन में सवार दो व्यक्तियों से जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उन्होंने गाड़ी में मादक पदार्थ होना स्वीकार किया। पुलिस ने मौके से 3 किलो 58 ग्राम गांजा (अनुमानित कीमत ?45,000), 32 बोर के 03 नग जिंदा कारतूस, ?37,300 नगद, 05 मोबाइल फोन और 01 जियो वाई-फाई डोंगल (सिम सहित), ग्रैंड विटारा कार मूल्य लगभग 12 लाख जब्त किया।

### अध्यक्ष ने अमरकंटक विवि की व्यवस्थाओं की समीक्षा

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में जनजातीय वर्ग के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं छात्र कल्याण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अध्यक्ष श्री आर्य ने विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक व्यवस्था, छात्रावास सुविधाओं तथा जनजातीय विद्यार्थियों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी ली। बैठक के दौरान अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने छात्रावास व्यवस्था, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशासनिक प्रणाली तथा जनजातीय विद्यार्थियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों और आवश्यकताओं से अध्यक्ष को अवगत कराया।

# खेत की जुताई के दौरान ट्रैक्टर पलटा

### चालक की दबकर घटनास्थल पर मौत

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोड़ीपानी में खेत की जुताई के दौरान हुए दर्दनाक हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, 28 वर्षीय अमन कुमार कोल बुधवार शाम राम बिहारी राठौर के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान खेत में ट्रैक्टर मोड़ते समय वाहन अनियंत्रित होकर खेत के किनारे बने लगभग सात फीट गहरे गड्ढे में जा गिरा। हादसे में ट्रैक्टर पलट गया और चालक उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। थाना प्रभारी गोकुलानंद पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर जैतहरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चालक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकलवाया और शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतहरी भेज दिया। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मामले में मर्ग कायम कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई



### एक नजर में

### हिट एंड रन पीड़ितों को मिला सहारा

**नवभारत, जबलपुर।** जिला प्रशासन ने हिट एंड रन मोटरयान दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना 2022 के तहत अज्ञात वाहन दुर्घटना के 06 मामलों का निराकरण करते हुए कुल 10 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें पांच मृतकों के आश्रितों को 2-2 लाख रूपये की तथा घायल व्यक्ति को 50 हजार रूपये की स्वीकृत सहायता राशि शामिल है। जिला प्रशासन द्वारा अज्ञात वाहन से दुर्घटना में घायल मनीष शर्मा को 50 हजार रूपये स्वीकृत किये गये हैं। वहीं मृतकों के आश्रित परिजनों को स्वीकृत की गई 2-2 लाख रूपये की सहायता राशि में अंजनी विश्वकर्मा पति स्व. सुशील विश्वकर्मा, मानसी चतरे पति कमलेश चतरे, काजल देव पिता संजीव कुमार देव, दीक्षा परोहा पिता स्व. दीपक परोहा एवं मुन्ना लाल यादव पिता नंदुलाल यादव शामिल हैं।

### क्राइस्ट चर्च एलुमनी एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम निर्णय

**नवभारत, जबलपुर।** क्राइस्ट चर्च स्कूल्स एलुमनी एसोसिएशन की बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक मंगलवार, 14 जुलाई को आयोजित की गई, जिसमें क्राइस्ट चर्च बॉयज और गर्ल्स स्कूल्स के पूर्व छात्रों ने मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए। एसोसिएशन अपनी अगली रीयूनियन 9 जनवरी 2027 को आयोजित करेगा, जिसमें कई पूर्व छात्र देश और दुनिया के विभिन्न हिस्सों से जुड़ेंगे। इस दौरान अध्यक्ष रामिंदर सिंह चोपड़ा और सचिव अमित वेगड़ ने बताया कि एसोसिएशन मुफ्त मोतियाबिंद सर्जरी शिविर और एक मेगा मेडिकल कैंप भी आयोजित करेगा। इस बैठक में चंद्रेश वीरा, असगी तैयबाली, रणजय मदन, रुपेश बागमार, डॉ. सुनील बेहल, शालू खुराना, संदीप विजन, विनय गौबा, दीपक वर्मा, गुरमीत छाबड़ा, समर गायकवाड़, आशीष अग्रवाल, रितेश त्रिवेदी, डॉ. आदित्य परिहार, जतिन लालन, शैलेश गुलाटी, शगुफ्ता रहमान और प्रविप दत्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पर्यावरण संरक्षण का संदेश

# अध्यक्ष आर्य ने किया हरश्रृंगार का पौधरोपण



**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक परिसर में हरश्रंगार का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, विश्वविद्यालय के कार्यवाहक कुलपति ए. के. शुक्ला, जनपद पुष्पराजगढ़ के पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, एसडीएम पुष्पराजगढ़ वसीम अहमद भट्ट, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, जनप्रतिनिधि, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए परिसर में विभिन्न प्रजातियों के कुल 10 पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और जनभागीदारी के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# ‘नशे से दूरी है ज़रूरी 2 .0’ अभियान का शुभारंभ




**राजनगर, नवभारत 15 जुलाई।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय राजनगर जिला अनूपपुर द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2026 से 30 जुलाई 2026 तक ‘नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0’ जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण हेतु प्रेरित करना है।

अभियान के प्रथम दिवस 15 जुलाई को जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन तथा जनसंपर्क गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नशामुक्त भारत के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। अभियान के दौरान प्रतिभागियों ने नशे के विरुद्ध जागरूकता संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से समाज को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में सोशल मीडिया जागरूकता कार्यक्रम, रील्स एवं लघु वीडियो निर्माण, विशेषज्ञ व्याख्यान, डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, सकारात्मक सोच एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया जाएगा।

### युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत

महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत है और नशे से दूर रहकर ही युवा अपने जीवन के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय परिवार ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सहभागी बनकर नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने का आग्रह किया है।

# तीन हाथियों का दल 13वें दिन भी ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय

### कर रहे घरों, खेतों और बाड़ियों में घुसकर तोड़फोड़



**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले में तीन जंगली हाथियों का दल बुधवार को लगातार 13वें दिन भी जिले में विचरण करता रहा। दिनभर हाथियों ने जिला मुख्यालय से करीब 6 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बरबसपुर के वन बीट भोलगढ़ के जंगल में डेरा डाले रखा और रात होते ही भोजन की तलाश में ग्रामीण इलाकों की ओर निकल पड़े। इस दौरान उन्होंने घरों, खेतों और बाड़ियों में घुसकर तोड़फोड़ की तथा रखे हुए और खड़ी फसलों सहित विभिन्न प्रकार के अनाज को नुकसान पहुंचाया।

जानकारी के अनुसार, तीनों हाथी 24 जून को छत्तीसगढ़ की सीमा पार कर अनूपपुर जिले में प्रवेश किए थे। तब से वह जैतहरी और अनूपपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विचरण कर रहे हैं। वन विभाग उनकी गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए है।

मंगलवार-बुधवार की रात तीन हाथियों में से दो हाथी भोलगढ़ के जंगल से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते हुए भोलगढ़ गांव स्थित वन विभाग की चौकी परिसर में पहुंच गए। वहां उन्होंने फेंसिंग वायर और आरसीसी खंभों को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा परिसर में बने पक्के आवास की खिड़की तोड़ने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर दोनों हाथी वहां से निकलकर एक बैगा परिवार के घर की दीवार तोड़ते हुए वापस जंगल की ओर चले गए। बुधवार सुबह वे फिर भोलगढ़ के जंगल में पहुंच गए और दिनभर वहीं रहे। देर शाम वे दोबारा जंगल से निकलकर भोलगढ़ के खेल मैदान के समीप तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास विचरण करते देखे गए। वन विभाग का गश्ती दल लगातार हाथियों की निगरानी कर रहा है और ग्रामीणों से सतर्क रहने तथा हाथियों के पास न जाने की अपील कर रहा है। हालांकि, निगरानी के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा शराब के नशे में वनकर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।




# अमरकंटक विश्वविद्यालय को आदर्श संस्थान बनाने के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक को देश का एक आदर्श जनजातीय शिक्षण संस्थान बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को समन्वित एवं प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का मूल उद्देश्य जनजातीय समुदाय के शैक्षणिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को गति देना है, इसलिए जनजातीय विद्यार्थियों के हितों की रक्षा तथा संस्थान के समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मंगलवार को विश्वविद्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री आर्य ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, जनजातीय विद्यार्थियों के नामांकन, आरक्षण नीति के क्रियान्वयन तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सभी सीटों पर पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर विद्यार्थियों तक पहुंचाया जाए।

बैठक में श्री आर्य ने विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आरक्षण नीति का पूरी पारदर्शिता के साथ पालन किया जाए और सामान्य मेरिट से चयनित अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षित सीटों के विरुद्ध न गिना जाए। साथ ही, अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सभी रिक्त पदों एवं सीटों को विशेष भर्ती अभियान चलाकर शीघ्र भरा जाए। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष ने विश्वविद्यालय प्रशासन को गोपनीय रोस्टर, पदोन्नति, वरिष्ठता एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रशासनिक जानकारियां नियमानुसार विश्वविद्यालय के पोर्टल पर नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# धनगवां में140 विद्यार्थियों ने ली नशामुक्ति की शपथ




**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत बुधवार, 15 जुलाई 2026 को विकासखंड जैतहरी के सरस्वती पूर्व माध्यमिक विद्यालय, धनगवां पूर्वी ग्रामीण में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प दिलाया गया।

यह अभियान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं खेल संचालक भोपाल और कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक विक्रांत मुराब, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगनाथ मरकाम तथा उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग कृष्ण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला खेल प्रशिक्षक रामचंद्र यादव के सहयोग से ब्लॉक समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी, स्टेट रेफरी वॉलीबॉल एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नशा मुक्ति के प्रेरक नारे लगाए गए तथा सभी प्रतिभागियों को नशा न करने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य बोधराम राठौर, वरिष्ठ आचार्य भोलेश्वर राठौर, रानी राठौर, अनुसूया तिवारी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं भगिनियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में लगभग 140 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने सहभागिता की।इस अवसर पर एक छात्र, जो गुटखा सेवन करता था, ने सभी के सामने आजीवन गुटखा नहीं खाने का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों ने इसे नशामुक्ति अभियान की सार्थक उपलब्धि बताते हुए अन्य विद्यार्थियों से भी नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से मिले अध्यक्ष

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिले के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनजातीय समुदाय के प्रतिनिधियों तथा वनाधिकार एवं पेसा एक्ट से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर जनजातीय समुदाय के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में श्री आर्य ने जनजातीय हितों के संरक्षण एवं विकास के लिए आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए उपस्थित प्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने आयोग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत एवं सुझाव दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों से इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की।

बारिश | सामान्य से आधी बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# मानसून की रफ्तार धीमी, रोपाई पर संकट

**अनूपपुर, नवभारत 15 जुलाई।** जिले में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले कई दिनों से अच्छी बारिश नहीं होने के कारण खेतों की नमी खत्म हो रही है और धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। आसमान में बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से खेतों में दरारें पड़ने लगी हैं। उमस और तेज धूप ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। धान का थरहा अधिकांश किसानों की तैयार हो चुकी है, लेकिन खेतों में पर्याप्त पानी नहीं होने के कारण रोपाई शुरू नहीं हो पा रही है। किसान अब अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि खरीफ फसलों की बुवाई और रोपाई समय पर पूरी हो सके।



किसान मनराज केवट ने बताया कि अब तक इतनी बारिश नहीं हुई है कि खेतों में पानी भर सके। जिन किसानों ने निजी संसाधनों से सिंचाई कर धान की रोपाई कर ली थी, उन्हें भी अब फसल सूखने और मेहनत बर्बाद होने की चिंता सता रही है।

### नदियों में नहीं आया उफान

जुलाई में सामान्यत: उफान पर रहने वाली जिले की प्रमुख नदियां सोन, तिपान, चंदास, केवई, अलान और गोडारू इस बार अब भी सामान्य जलस्तर से नीचे हैं। लगातार पर्याप्त बारिश नहीं होने से इन नदियों में जलस्तर नहीं बढ़ सका है।

### पिछले वर्ष की तुलना में आधी बारिश

भू-अभिलेख अधीक्षक प्रदीप मोगरे के अनुसार, पश्चिमी हवाओं के प्रभाव के कारण मानसून की गति धीमी हो गई है। जिले में 1 जून से अब तक 237.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 410.9 मिलीमीटर बारिश हुई थी। यानी इस वर्ष अब तक जिले में पिछले साल की तुलना में लगभग आधी बारिश ही हुई है।


## कार्यालय नगर परिषद् बनगवॉं (राजनगर), जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Office: Municipal Council Bangavan Dist- Anuppur (M.P.) Emailsmobangavan@mp.urban.gov.in

क्रमांक-1517/न.प./लो.नि./ई-निविदा/2026 **निविदा सूचना** बनगवां, दिनांक :- 14/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_520870_1 | वार्ड क्र. 09 महेश जेठानी के घर से विष्णु पटेल के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 4 Month Rs 166429.00 | Rs 2000.00 & Rs 1664.00 | 28/07/2026 |
| 2. | 2026_UAD_520871_1 | वार्ड क्र. 03 सुरेश केवट के घर से उमरेन्द्र के घर तक आर.सी.सी. नाली निर्माण | 4 Month Rs 163647.00 | Rs 2000.00 & Rs 1636.00 | 28/07/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बनगवां (राजनगर) जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**